# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-12-2021

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-12-17 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2021-12-18 | 2021-12-19 | 2021-12-20 | 2021-12-21 | 2021-12-22 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 22.0 | 22.0 | 22.0 | 21.0 | 22.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 3.0 | 2.0 | 2.0 | 3.0 | 3.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 85 | 85 | 80 | 80 | 80 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 50 | 50 | 45 | 45 | 40 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 310 | 310 | 320 | 320 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 10 – 16 दिसम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 21.6 से 24.2 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 5.3 से 10.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 66 से 94 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 30 से 52 प्रतिशत एवं हवा 0.6 से 3.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 21.0 से 22.0 व 2.0 से 3.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 4.0-6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। आने वाले पांच दिनों में कहीं-कहीं पर शीत लहर चलने और पाला पड़ने की भी संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 22 से 28 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए पिछले हफ्ते एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मैप 18 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक हल्की नमी की स्थिति को दर्शाता है। विलम्ब दशा में गेंहूँ की फसल कम समय तक खेत में रहती है, अतः कम मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें। प्रति हैक्टर 80 किग्रा नत्रजन, 40 किग्रा फास्फोरस तथा 40 किग्रा पोटाश का प्रयोग करें। पाला पड़ने की स्थिति में नए रोपित पौधों की सिंचाई करें। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। गाय-भैंस को शीतला रोग (रिंडर पेस्ट) का टीका लगवाए।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा लेकिन कहीं-कहीं पर शीत लहर चलने और पाला पड़ने की भी संभावना है। पाला पड़ने की स्थिति में खेत में हल्की सिंचाई करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | जिन किसान भाईयो ने नवम्बर के आखिरी सप्ताह में बुवाई पूर्ण कर ली हो वह आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए फसल में हल्की सिंचाई कर लें। |
| गेहूँ | गेहूँ फसल की देर से बुवाई 25 दिसम्बर तक कर लें अन्यथा उपज में काफी कमी आ जाती है। विलम्ब से बुवाई में तापमान में कमी के कारण जमाव एवं बढ़वार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है अतः बीज दर 25 प्रतिशत अधिक बीज अर्थात् 125 किग्रा/हैक्टर तथा मोटे दाने वाली किस्मों में बीज दर के अतिरिक्त 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करें। |
| चना | पिछले माह बोई गई फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें। |
| अरहर (लाल चना/ अरहर) | किसान भाई खेत में नमी की कमी होने पर फसल में हल्की सिंचाई करें। |
| गन्ना | आगामी दिनों में शीत लहर व पाला पड़ने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए किसान भाई गन्ने की फसल में हल्की गुड़ाई करें ताकि उसमें ताकि हवा और तापमान का उचित संचलन बना रहे। |
| मक्का | जिन किसान भाईयो ने मक्का की रबी फसल लगा रखी है और यदि उनमें नीचे से दो से तीन पत्तियाँ निकल गई हो तो आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए हल्की सिंचाई करें और यदि खेत में नमी बनी हुई है तब हल्की गुड़ाई करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आलू | आलू में अगेती झुलसा रोग देखा जा रहा है तथा आगामी मौसम भी इसके अनुकूल है। अतः किसान भाईयो को सलाह दी जाती है कि मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से तुरंत छिड़काव करें। |
| सब्जी पीईए | मटर की फसल में बुवाई के 20-25 दिन बाद निराई-गुड़ाई करें । |
| टमाटर | टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 18.5 एस0सी0 का 150मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। |
| पपीता | पपीता एवं लीची के नये रोपित पौधों को पाले से बचाने हेतु सूखी घास-फूस एकत्रित कर लें ताकि इन पौधों को पाले से बचाने हेतु कवर किया जा सके। |
| आम | आम के नये रोपित पौधों को पाले से बचाने हेतु सूखी घास-फूस एकत्रित कर लें ताकि इन पौधों को पाले से बचाने हेतु कवर किया जा सके। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | आगामी पांच दिनों शीतलहर चलने का पूर्वानुमान है। अतः सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें। पशुओं को शीतला रोग (रिंडर पेस्ट) का टीका लगवाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओें की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। |
| गाय | आगामी पांच दिनों शीतलहर चलने का पूर्वानुमान है। अतः सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें। पशुओं को शीतला रोग (रिंडर पेस्ट) का टीका लगवाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओें की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। |

## मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

| मुर्गी पालन | मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मुर्गी | मुर्गियों में फफूँदजनित आहार देने से अपलाटॉक्सीकोशिस हो जाती है जिसकी वजह से काफी संख्या में उनकी मृत्यु होने की संभावना होती है। ऐसे में मुर्गियों को पशुचिकितसक की सलाह से दवा दें। |